हिन्दी साप्ताहिक

RNI. No. MPHIN/2021/85636

# भुआणा की माटी

संपादकः- लोमेश कुमार गौर

वर्ष-04 अंक-41 हरदा, बुधवार 08 जनवरी-2025 पृष्ठ-08 मूल्य 05 रूपये

साप्ताहिक भुआणा की माटी में रचनायें लेख कवितायें एवं विज्ञापन प्रकाशनार्थ आमंत्रित है।

## युवाओं को रोजगार,किसानों की आय दोगुनी करने पर फोकस

● 12 जनवरी से शुरू होगा स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन, कैबिनेट बैठक में हुआ फैसला



**भोपाल।** मोहन यादव कैबिनेट ने साल 2025 की पहली बैठक में युवाओं को रोजगार देने और किसानों की आय दोगुनी करने के लिए अहम निर्णय लिए। कैबिनेट ने 12 जनवरी से स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन शुरू करने का फैसला किया है। इसके साथ ही दूध उत्पादन बढ़ाने और सांची की ब्रांडिंग कर इसे देशभर में पहचान दिलाने के लिए प्रोफेशनल लोगों को जोड़ा जाएगा। आज हुई बैठक में 26 दिसंबर को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित मंथन के मुख्य बिंदुओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। कैबिनेट बैठक में 16वें वित्त आयोग पर चर्चा हुई। इस बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रियों से कहा कि अगले पांच साल में 16वें वित्त आयोग से अधिक से अधिक सालाना फंड मांगने के प्रस्ताव मंत्री विभागवार तैयार कराएं।

● **महाकाल लोक और तपोभूमि में खुलेंगे थाने-** उज्जैन में महाकाल लोक और तपोभूमि में दो अलग-अलग थाने खुलेंगे। कैबिनेट ने इसे मंजूरी देने के साथ 150 पद मंजूर किए है, जिसमें इंस्पेक्टर के दो, उपनिरीक्षक के 16, सहायक उपरनिरीक्षक के 20, हेड कांस्टेबल के 26, कांस्टेबल के 80, प्रधान आरक्षक चालक के 2 और आरक्षक चालक के 4 पद मंजूर किया जाना शामिल हैं। कैबिनेट ने मैहर, पांढुर्णा और मऊगंज जिलो में ई गवर्नेंस दक्ष को मंजूरी दी है। यहां ई गवर्नेंस सोसायटी का काम शुरु करने के लिए 15 पदों को मंजूरी दी गई है।

● **ज्ञान पर ध्यान देने बनाएंगे विवेकानंद युवा शक्ति मिशन-** विजयवर्गीय ने कहा कि कैबिनट बैठक में ज्ञान (जीवाईएएन यानी गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति) पर ध्यान पर चर्चा हुई है। पीएम नरेंद्र मोदी के फार्मूले पर इसके लिए मोहन सरकार ने काम शुरू कर दिया है। इसमें युवाओं को नई दिशा देने और कौशल का सही उपयोग करने पर काम करेंगे। इसके लिए शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास विभाग, युवा विभाग मुख्य रूप से काम करेंगे। बैठक में तय हुआ है कि स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन प्रारंभ किया जाएगा।

● **12 जनवरी से शुरू होगा स्वामी विवेकानंद मिशन-** मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि रोजगार से युवाओं को कैसे जल्दी से जल्दी जोड़ें। युवा रोजगार देने वाला कैसे बने, 12 जनवरी से इसकी शुरुआत स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन के जरिये होगी। एमपी में 27 प्रतिशत आबादी युवाओं की है। युवाओं को मजबूत करने का काम मिशन मोड पर होगा। सभी मंत्री अपने विभाग में युवाओं को जोड़कर रोजगार देने का काम भी करेंगे।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव का बज गया बिगुल

### सिंगल फेज में 5 फरवरी को होगी वोटिंग,नतीजे 8 को

### डेढ़ करोड़ वोटरों के लिए बनाए गए हैं 33 हजार बूथ




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव सिंगल फेज में 5 फरवरी को होगा। रिजल्ट 8 फरवरी को आएगा। यह जानकारी चुनाव आयोग ने मंगलवार को दी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि देश की राजधानी में डेढ करोड़ वोटरों के लिए 33 हजार बूथ बनाए गए हैं। 83.49 लाख पुरुष, 79 लाख महिला वोटर्स हैं। 2.08 लाख नए वोटर्स है। 830 वोटर 100 साल की उम्र से ज्यादा हैं। इससे पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ने चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोपों पर 30 मिनट तक फैक्ट्स के साथ सफाई दी। उन्होंने कहा कि चुनाव में वोटर्स बढ़ाने,खास वर्ग को टारगेट करने के आरोप गलत हैं। चुनावी प्रक्रिया को खत्म करने में वक्त लगता है। यह सब एक तय प्रोटोकॉल के तहत होता है। दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी को खत्म हो रहा है। इसके अलावा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं। इसके चलते 18 फरवरी से पहले चुनाव प्रक्रिया पूरी कराए जाने की संभावना है। 2020 के विधानसभा चुनावों की घोषणा 6 जनवरी को हुई थी। विधानसभा की सभी 70 सीटों पर 8 फरवरी 2020 को सिंगल फेज में वोटिंग हुई थी और 11 फरवरी को नतीजे घोषित हुए थे। 2020 में आम आदमी पार्टी को 53.57 फीसदी वोट के साथ 62 सीटें मिली थीं,जबकि भाजपा को 8 सीटों सहित कुल 38.51 फीसदी वोट मिले थे।

## आपकी रुह कंपा देगी मुकेश चंद्राकर की पोस्ट मार्टम रिपोर्ट

● लिवर के 4 टुकड़े,दिल फाड़ डाला और सिर पर चोट के 15 से ज्यादा निशान

**रायपुर (एजेंसी)।** पत्रकार मुकेश चंद्राकर की पोस्ट मार्टम रिपोर्ट सामने आ गई है, उस रिपोर्ट से पता चला है कि उन्हें मारने से पहले काफी टॉर्चर किया गया था। उनके सिर पर गंभीर चोट के 15 निशान मिले हैं, इसके ऊपर उनके लिवर के भी 4 टुकड़े कर दिए गए। जिन डॉक्टरों ने चंद्राकर का पोस्ट मार्टम किया है, वे खुद हैरान हैं, परेशान हैं और बता रहे हैं कि ऐसी हैवानियत उन्होंने पहले नहीं देखी। बताया जा रहा है कि चंद्राकर की पांच पसलियों को भी तोड़ दिया गया था, उनकी गर्दन की हड्डी भी टूटी हुई थी। पता तो यह भी चला है कि आरोपियों ने चंद्राकर का दिल तक फाड़ दिया, इतना तेज प्रहार किया गया कि शरीर के कई अंग जख्मी हो गए। जिस डॉक्टर ने चंद्राकर का पोस्ट मार्टम किया, उन्होंने यह सब बताया।






## चीनी वायरस ने अब भारत में भी दे दी दस्तक

● कर्नाटक में 8 और 3 महीने के बच्चे हुए संक्रमित ● गुजरात में 2 महीने का नवजात बच्चा भी पॉजीटिव

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** चीन में फैले कोरोना जैसे वायरस एचएमपीवी का भारत में तीसरा केस मिला है। अहमदाबाद में सोमवार को 2 महीने के बच्चे में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस का संक्रमण मिला।

इससे पहले, सोमवार सुबह कर्नाटक में 3 महीने की बच्ची और 8 महीने के बच्चे में यह वायरस मिला था। दोनों बच्चों की जांच बेंगलुरु के एक अस्पताल में की गई थी। गुजरात के अहमदाबाद में 2 महीने के बच्चे को तबीयत खराब होने पर 15 दिन पहले हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। उसे बच्चे को सर्दी और तेज बुखार था। शुरुआती 5 दिन उसे तक वेंटीलेटर पर भी रखा गया था। इसके बाद हुई जांचों में वायरस के





संक्रमण का पता चला। कर्नाटक के दोनों केस के बारे में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बच्चे रुटीन जांच के लिए अस्पताल पहुंचे थे। टेस्ट कराने पर उनकी रिपोर्ट पॉजीटिव आई। हालांकि कर्नाटक के स्वास्थ्य विभाग ने साफ किया कि बच्चों के सैंपल निजी अस्पताल में जांचे गए और उन्होंने सरकारी लैब में जांच नहीं कराई। वायरस के लक्षण कोविड जैसे, छोटे बच्चों पर सबसे ज्यादा असर एचएमपीवी वायरस से संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है। इनमें 2 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा, दो बच्चों में वायरस की पुष्टि हुई है। ये देखकर मैंने तुरंत कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव से बात की। सरकार इस वायरस को खत्म करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

# वंचित वर्ग में डिजिटल डिवाइड की चुनौती

विकास और प्रगति के तमाम दावों के बीच यदि देश के करीब आधे स्कूल कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधा से वंचित हों, स्कूल बढ़ रहे हों और दाखिले कम हो रहे हों, साथ ही विद्यार्थियों का बीच में पढ़ाई छोड़ने का आंकड़ा बढ़ रहा हो, तो इसे एक बड़ी चुनौती माना जाना चाहिए। निस्संदेह, आर्थिक विकास हमारी प्राथमिकता होता है, लेकिन यदि बुनियादी शिक्षा तमाम विसंगतियों से जूझ रही हो तो विकास की सार्थकता पर सवाल उठेंगे। सवाल खासकर वंचित समाज के बच्चों का है, जिनका बड़ा संघर्ष जीवन-यापन की प्राथमिकताओं से जुड़ा है। स्वतंत्र भारत में शैक्षिक सुधार के जो प्रयास हुए,उनका लाभ वंचित समाज को काफी अधिक हुआ है। दरअसल, सरकारी स्कूल समाज के कमजोर वर्ग की आशा के केंद्र रहे हैं। यदि आज इन समाजों के बच्चे ही शिक्षा से दूर हो रहे हैं, तो तंत्र की जवाबदेही तय होनी चाहिए। आज भी लाखों बच्चे शिक्षा पाने से वंचित हैं। हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली की रिपोर्ट में जो आंकड़े सामने आए हैं, वे खासे चौंकाने वाले हैं। समीक्ष्य वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट बताती है कि इससे पहले साल के मुकाबले स्कूल में दाखिलों में 37.5 लाख की कमी आई है। जहां वर्ष 2022-23 में स्कूलों में 25.17 करोड़ विद्यार्थी दर्ज थे, वहीं 2023-24 में यह संख्या घटकर 24.80 करोड़ हो गई है। यह आंकड़ा प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूल स्तर का है। वहीं समीक्ष्य अवधि में बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले छात्रों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। जिनमें छात्राएं, वंचित व कमजोर वर्ग के बच्चे अधिक हैं। ऐसे में मंथन की जरूरत है कि शिक्षा को बढ़ावा देने के तमाम प्रयासों, नई शिक्षा नीति लागू होने, अधिक स्कूल खुलने के बावजूद छात्रों के दाखिले में कमी क्यों आ रही है। सरकार की घोषणाओं और जमीनी हकीकत के अंतर को संबोधित करने की जरूरत है। ताकि नये दाखिलों को प्रोत्साहन मिले और छात्र भी बीच में स्कूल न छोड़ें। दरअसल, जरूरत इस बात की भी कि जहां एक ओर स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता बनी रहे, वहीं स्कूलों में दाखिले को लेकर छात्रों का आकर्षण भी बना रहना चाहिए। साथ ही शिक्षा को व्यावहारिक बनाने और समय के साथ कदमताल करने की जरूरत है। वहीं दूसरी शिक्षा मंत्रालय के प्लेटफॉर्म, यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन की रिपोर्ट के यह तथ्य चिंता बढ़ाने वाले हैं कि अभी तक कुल 57 फीसदी स्कूलों में ही कंप्यूटर की सुविधा मौजूद है। वहीं दूसरी ओर 53 फीसदी स्कूलों में ही इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। ऐसे दौर में जब ऑनलाइन पढ़ाई का खासा जोर है तो ये बच्चे भविष्य में निजी स्कूलों के छात्रों से कैसे मुकाबला कर पाएंगे? प्रतिस्पर्धा के इस दौर में उनका क्या भविष्य होगा? विडंबना यह है कि वंचित समाज व कमजोर वर्ग के परिवारों में बड़ी संख्या में ऐसे बच्चे भी हैं, जिनके पास न तो कंप्यूटर है और न ही स्मार्ट फोन। दरअसल, उनके परिवारों के जीवन यापन का संघर्ष इतना बड़ा है कि कंप्यूटर व स्मार्ट फोन उनकी प्राथमिकता नहीं बन सकते। चिंता की बात यह है कि निम्न मध्यवर्गीय लोग तो निजी स्कूलों की ओर तेजी से रुख कर रहे हैं, लेकिन कमजोर वर्ग के विद्यार्थी कहां जाएंगे? दरअसल, मौजूदा दौर में सिर्फ साक्षरता से खुश नहीं हुआ जा सकता, जरूरत गुणवत्ता की शिक्षा की भी है।

# अपने ही सांसदों का विश्वास खो बैठे थे ट्रूडो



जस्टिन ट्रूडो के अच्छे दिन जाने वाले हैं। लिबरल पार्टी के नेता और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अपने इस्तीफे की घोषणा कर दी। उनकी कुर्सी संभालने वाले का नाम फ़ाइनल होने तक वे पद पर बने रहेंगे। बुधवार को राष्ट्रीय कॉकस की बैठक से पहले उन्होंने अपनी बची-खुची इज्जत बचा ली। ट्रूडो एक विफल प्रधानमंत्री साबित हो चुके हैं। उनकी वजह से लिबरल पार्टी को चुनाव में मतदाताओं के बीच उतरना मुश्किल साबित हो रहा है। अब उस चेहरे की तलाश है, जिसे आगे कर आम चुनाव लड़ा जाये। ट्रूडो ने वित्त मंत्री डोमिनिक लेब्लांक से चर्चा की, कि क्या वह अंतरिम नेता और प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभालने के लिए तैयार होंगे? डोमिनिक लेब्लांक की तरफ से ऐसा कोई संकेत नहीं मिला कि वो इस ज़िम्मेदारी को संभालने जा रहे हैं। लिबरल पार्टी को नेतृत्व देने के वास्ते जो संभावित दावेदार हैं, उनमें क्रिस्टिया फ्रीलैंड को भी आगे किया जा रहा है। पूर्व आवास मंत्री सीन फ्रेज़र, विदेश मंत्री मेलानी जोली, नवाचार मंत्री फ्रांस्वा-फिलिप शैम्पेन, परिवहन मंत्री अनीता आनंद, पूर्व केंद्रीय बैंकर मार्क कार्नी, और पूर्व बी.सी. प्रीमियर क्रिस्टी क्लार्क जैसे नाम भी सामने आने लगे हैं। कनाडा की सत्ता के गलियारे में भूचाल की वजह सर्वेक्षण भी रहे हैं। पिछले एक साल के सर्वेक्षणों से पता चला है, कन्जर्वेटिव्स को सत्तारूढ़ लिबरल्स के मुक़ाबले दोहरे अंकों की बढ़त हासिल है। गुज़रे शुक्रवार को जारी 'एंगस रीड सर्वेक्षण' से पता चलता है, कि जस्टिन ट्रूडो के नेतृत्व में, लिबरल पार्टी को केवल 13 प्रतिशत मतदाताओं का समर्थन प्राप्त होना है, लेकिन यदि कोई नया नेता आता है, तो यह संख्या बदल भी सकती है। उदाहरण के लिए, वित्तमंत्री पद से इस्तीफा दे चुकीं सुश्री फ्रीलैंड यदि सत्ता संभालती हैं, तो 21 प्रतिशत मतदाता लिबरल पार्टी के लिए मतदान करेंगे, जो सर्वे के ज़रिये खंगाले गए लीड उम्मीदवारों में सबसे अधिक संख्या है। 'एंगस रीड' ने 27 दिसंबर से मंगलवार 31 दिसम्बर, 2024 तक, 2,406 कनाडाई वयस्कों के बीच ऑनलाइन सर्वेक्षण किया, जो एंगस रीड फ़ोरम के सदस्य हैं। इसके परिणाम के हवाले से क्रिस्टिया फ्रीलैंड को 'फ्रंट रनर' समझा जा रहा है। कनाडा में संसदीय चुनाव 20 अक्तूबर, 2025 को निर्धारित है। लेकिन, ट्रूडो की सत्ता में सहयोगी रही 'एनडीपी' के समर्थन वापस लेने का मतलब है कि चुनाव शायद बहुत पहले हो जाएं। यदि, चुनाव पहले कराना है, तो संसद की अनुमति चाहिए। कई लिबरल सांसद वित्त मंत्री के रूप में क्रिस्टिया फ्रीलैंड के प्रदर्शन से नाखुश थे, और उन्हें बदलने की वकालत कर रहे थे। क्रिस्टिया के इस्तीफे के बाद, बंदूकें ट्रूडो के विरुद्ध तन गईं। पिछले कुछ हफ्तों में क्षेत्रीय कॉकस की बैठकों, और लिबरल सांसदों की प्रतिक्रियाओं को देखकर लगने लगा है, कि प्रधानमंत्री ट्रूडो के पास अब टीम नहीं है। ट्रूडो यह कहने की हालत में नहीं हैं, कि उनकी छवि ख़राब करने में भारत और चीन ने साज़िश रची है। कनाडा की संसद में दो सदन हैं। निचला सदन, 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में 338 सदस्य हैं, जो एकल सीट वाले निर्वाचन क्षेत्रों से अधिकतम चार वर्ष के कार्यकाल के लिए चुने जाते हैं। दूसरा है सीनेट, जिसके 105 सदस्य प्रधानमंत्री की सलाह पर गवर्नर जनरल द्वारा नियुक्त किये जाते हैं। संसद में आम तौर पर कई पार्टियों का प्रतिनिधित्व दिखता है, लेकिन कनाडा में दो प्रमुख राजनीतिक पार्टियां, 'लिबरल' और 'कंज़र्वेटिव' का दबदबा बना रहता है। ट्रूडो के बुरे दिन अक्तूबर, 2024 से शुरू हुए, जब उन्हीं की पार्टी के दो दर्जन सांसदों ने उनके इस्तीफे की मांग कर दी। क्रिसमस आते-आते पार्टी के अंदर विप्लवी सांसदों की संख्या 70 से ऊपर पहुंच गई। यह संकट और गहराया, जब क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने वित्त मंत्री, और उप प्रधानमंत्री के पद से अचानक इस्तीफा दे दिया था। क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने उस दिन पद छोड़ा, जिस दिन उन्हें अपना आर्थिक और राजकोषीय अपडेट देना था। जीएसटी अवकाश और 250 डॉलर की छूट जैसे खर्च के हथकंडों पर उन्होंने चिंता व्यक्त की, और संभावित ट्रम्प टैरिफ से निपटने में गंभीरता की कमी का हवाला दिया। इस काण्ड के बाद से अटलांटिक, ओंटारियो, और क्यूबेक कॉकस ने संकेत दिया है, कि उनके अधिकांश सदस्य अब ट्रूडो के शीर्ष पर बने रहने का समर्थन नहीं करते हैं। हाउस ऑफ कॉमन्स में ट्रूडो की पार्टी लिबरल्स के पास 153 सीटें हैं, जिनमें से 131 सीटें इन तीन क्षेत्रों में हैं। कनाडा की पॉलिटिकल कहानी का दूसरा पहलू है, भारतीय मूल के वोटर। कनाडा के सिखों का राजनीतिक दबदबा असाधारण है, क्योंकि वे ओंटारियो और ब्रिटिश कोलंबिया में लगभग दो दर्जन संघीय क्षेत्रों में केंद्रित हैं। राजनीतिक प्रक्रिया में उनकी गहरी और रणनीतिक भागीदारी है। हालांकि, कनाडा की हिंदू आबादी आठ लाख की संख्या वाले सिख समुदाय से थोड़ी बड़ी है, लेकिन यह भौगोलिक रूप से कम केंद्रित, या अपने राजनीतिक विचारों में एकजुट नहीं है। ट्रूडो के हर क़दम का लक्ष्य, सिख मतदाताओं को अपने आईने में उतारने का रहा है। उनकी मेहनत तब और बढ़ गई है, जब खालिस्तान समर्थक जगमीत सिंह 'न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी' के नेता बने हैं। शुक्रवार को न्यू डेमोक्रेट्स जगमीत सिंह ने ट्रूडो सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया, इससे ट्रूडो का कार्यकाल और भी संदेहास्पद हो गया। कनाडा के निचले सदन, 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में 18 सिख सांसद हैं। नवीनतम फेरबदल के बाद ट्रूडो के मंत्रिमंडल में स्वयं सहित 39 मंत्री हैं। ट्रूडो ने 2016 में यह दावा कर दिया था, कि उनके मंत्रिमंडल में मोदी कैबिनेट से ज़्यादा सिख हैं। 2018 में एक भारतीय कैबिनेट मंत्री की हत्या के प्रयास के दोषी को आधिकारिक स्वागत समारोह में आमंत्रित कर उन्होंने दिल्ली से सम्बन्ध ख़राब करने की शुरुआत कर दी थी। ट्रूडो ने बार-बार नई दिल्ली के साथ अच्छे राजनयिक संबंध बनाए रखने से ज़्यादा सिख मतदाताओं को लुभाने को प्राथमिकता दी। वर्ष 2018 में सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री राल्फ गुडले ने 'आतंकवाद से संभावित खतरे' वाली रिपोर्ट में 'सिख चरमपंथ' की चर्चा कर दी थी। खालिस्तान समर्थकों ने जब धमकी दी, तो 2019 में उस सन्दर्भ को राल्फ गुडले ने हटा दिया। वर्ष 2020 में, मोदी सरकार ने कनाडा पर भारत के आंतरिक मामलों में 'अस्वीकार्य हस्तक्षेप' करने का आरोप लगाया, जब ट्रूडो ने पीएम मोदी के कृषि सुधारों का विरोध कर रहे सिख किसानों के समर्थन में बात की थी। 2023 में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या साज़िश में गृहमंत्री अमित शाह का नाम उछालकर ट्रूडो ने भारत-कनाडा संबंधों में और कड़वाहट घोल दी। लिबरल पार्टी के बहुत सारे सांसदों की राय है, कि इससे सारे सिख मतदाता हमारी तरफ़ आने से रहे।

## हरदा में साइबर सेल की सफल कार्रवाई, एसपी बोले-मोबाइल में पर्सनल डेटा न सेव करें

# पुलिस ने 20 लाख रुपए के 134 गुम मोबाइल लौटाए



**हरदा।** हरदा में साइबर पुलिस ने मंगलवार को करीब 20 लाख रुपए कीमत की 134 मोबाइल मालिकों को लौटाए। इन मोबाइलों के गुम होने की रिपोर्ट आवेदकों ने पिछले कुछ दिनों में संबंधित थानों में की थी। मोबाइल वापस पाकर आवेदक काफी खुश नजर आए। पुलिस ने सभी आवेदकों को सूचना देकर मोबाइल लेने के लिए एसपी कार्यालय बुलाया था। मोबाइल खोजने में साइबर सेल की खास भूमिका रही। गौरतलब है कि साइबर सेल ने पिछले साल (2024) में गुम हुए कुल 322 मोबाइल मालिकों को लौटा दिए है, जिनकी कुल कीमत 47 लाख से 48 लाख रुपए है।

### दीपावली के दिन गुम हुआ था मोबाइल

शकूर कालोनी में रहने वाले आंनद निम्बीवाल ने बताया कि वो दीपावली के दिन अपने दूसरे मकान पर जा रहे थे। इस दौरान उनके कुर्ते की जेब से मोबाइल गुम हो गया था। उसने वहां काफी खोजबीन की, लेकिन जब नहीं मिला तो हरदा आने पर थाने में जाकर मोबाइल गुम होने की सूचना दी। मोबाइल गुम होने के इतने दिन होने के चलते उन्होंने मोबाइल मिलने की उम्मीद छोड़ दी थी। एसपी चौकसे ने कहा कि आज के समय में मोबाइल बहुत अनिवार्य साधन बन गया है। जो सीधे व्यक्ति की जिंदगी को प्रभावित करता है, इसलिए मोबाइल के उपयोग के दौरान साइबर अपराधों की जानकारी होनी चाहिए। मोबाइल में अपना पर्सनल डेटा, पासवर्ड और बैंक डिटेल को सेव करके न रखें। मोबाइल गुम होने पर अपराधी इसका उपयोग कर सकते है। एसपी चौकसे ने बताया कि साइबर सेल के प्रभारी सूबेदार उमेश ठाकुर, हेड कांस्टेबल नीरज साहू, आरक्षक कमलेश सिंह, मनोज दोहरे, मयंक चौहान, लोकेश सातपुते ने आम लोगों से मिले गुम मोबाइल के आवेदनों पर सक्रियता दिखाते हुए मोबाइल खोजने में सफलता हासिल की है।

## कलेक्टर ने स्कूल के विद्यार्थियों से किया संवाद

### बोले- एक- दो साल पढ़ाई में अच्छी मेहनत कर लेंगे तो भविष्य सुधर जाएगा



**हरदा।** हरदा में मंगलवार को कलेक्टर ने उत्कृष्ट विद्यालय में बोर्ड परीक्षाओं के संबंध में विद्यार्थियों से चर्चा की। उन्होंने इस दौरान विद्यार्थियों से अपने अनुभव साझा किए और परीक्षा को लेकर टिप्स दिए। कलेक्टर आदित्य सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि यह समय लौटने वाला नहीं है। अभी मन लगाकर हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षा की तैयारी करें और अच्छे नंबर लाकर अपना भविष्य उज्जवल बनाएं। उन्होंने कहा कि अगले एक-दो साल यदि पढ़ाई में अच्छी मेहनत कर लेंगे तो भविष्य सुधर जाएगा, यदि अभी पढ़ाई पर ध्यान नहीं दिया तो जिंदगी भर पछतावा रहेगा। उन्होंने इस दौरान विद्यार्थियों से कहा कि अनुशासित रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नियमित पढ़ाई करें, समय पर सोए, समय पर उठे, परीक्षा को लेकर तनाव में न रहें। परीक्षा से पहले पर्याप्त रिवीजन करें। उन्होंने कहा कि पढ़ाई संबंधी कोई भी समस्या हो तो बताएं। पढ़ाई के संबंध में हर तरह की मदद की जाएगी। वहीं, विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि लगभग सभी विषयों के पाठ्यक्रम पूरे हो गए हैं। विद्यार्थियों की एक्स्ट्रा क्लासेस स्कूल समय से पूर्व नियमित रूप से लग रही हैं।

# गिट्टी के अवैध विक्रय में शामिल तीन ट्रेक्टर जप्त किये

**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर जिले मे खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम की कार्यवाही लगातार जारी है। जिला खनिज अधिकारी आर.पी. कमलेश ने बताया कि सोमवार को खनिज विभाग के दल ने टिमरनी तहसील अन्तर्गत अवैध उत्खनन एवं परिवहन की जांच की। जांच के दौरान टिमरनी से हरदा रोड़ पर स्थित नीलकंठ बिल्डिंग मटेरियल की दुकान से ट्रेक्टर में गिट्टी भरते पाये गये। दुकान पर गिट्टी विक्रय की अनुमति नही पाई गई। मौके से दो ट्रेक्टर जप्त कर थाना टिमरनी मे खडा किया गया। इसी प्रकार मंगलवार को हरदा से छिपानेर रोड पर विकास नगर में प्रजापति बिल्डिंग



मटेरियल की दुकान पर ट्रेक्टर में गिट्टी भरा पाया गया। दुकान पर गिट्टी विक्रय की अनुमति नही होने से गिट्टी से भरे ट्रेक्टर को जप्त कर थाना कोतवाली हरदा में खड़ा किया गया है। उन्होने बताया कि दोनो ही प्रकरणों मे गौण खनिज नियमों के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

## कलेक्टर सिंह ने बैठक में दिये निर्देश

# जनकल्याण अभियान में प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण किया जाए

**हरदा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान आगामी 26 जनवरी तक आयोजित हो रहा है। इस अभियान के तहत नगरीय क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड तथा सभी पंचायतों में जनकल्याण शिविर आयोजित कर नागरिकों के आवेदन प्राप्त किये जायें और उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दिये। उन्होने कहा कि अभियान के दौरान प्रत्येक व्यक्ति को उसकी पात्रता के अनुसार शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, सुरजनी वर्मा व संजीव नागू तथा एसडीएम हरदा कुमार शानु देवड़िया सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद के सीईओ एवं मुख्य नगर पालिका



अधिकारी बैठक में वर्चुअली शामिल हुए। कलेक्टर सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समस्याओं से संबंधित पेपर कटिंग्स पर त्वरित कार्यवाही करते हुए समस्या का निराकरण किया जाए। उन्होने सड़क निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिये कि सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। उन्होने निर्देश दिये कि सड़कों पर आवश्यकता अनुसार यातायात संकेतक लगवाएं और सड़कों के मोड़ों के आसपास से झाड़िया कटवाएं ताकि वाहन चालक को सामने से आने वाला वाहन दिख जाए और सड़क दुर्घटना की आशंका न रहे। कलेक्टर सिंह ने दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजन के लिये विशेष अभियान प्रारम्भ करने के निर्देश भी बैठक में दिये। उन्होने कहा कि जल जीवन मिशन की अब हर सोमवार को समीक्षा की जाएगी। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि वन क्षेत्रों में निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वन विभाग की अनुमति अवश्य ले लें। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिये कि लोक सेवा ग्यारंटी अधिनियम के तहत जो सेवाएं अधिसूचित है, उन्हें नागरिकों को निर्धारित समय सीमा में उपलब्ध कराया जाए। समय सीमा के बाद सेवा उपलब्ध कराने वाले अधिकारियों पर अर्थदण्ड की कार्यवाही की जाएगी।

### कृषी विभाग सहित जिले के जिम्मेवार बने उदासीन कृषी उप संचालक कर रहे है झूठे दावे

# मौसम ने ली करवट किसानो के लिए हुई अमृत वर्षा लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के चलते किसानो को नहीं मिल रही यूरिया खाद्य किसान परेशान

**पन्ना।** गत दिनों जिले में हुई बारिश को रबी फसलों के लिए अमृत वर्षा माना जा रहा है। सही समय पर आवश्यकता अनुसार पर्याप्त बारिश होने से अन्नदाता किसानों के चेहरे ख़ुशी से खिल रहे थे लेकिन अब वह निराश और मायूस नजर आ रहे हैं। किसानों की ख़ुशी को यूरिया किल्लत की नजर लग गई है। बारिश होने के बाद जहां यूरिया की जरूरत अचानक से कई गुना बढ़ गई है वहीं मांग के अनुरूप यूरिया न मिलने से किसान खासे परेशान है। यह स्थिति तब है जब जिले में यूरिया समेत अन्य रासायनिक उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने का दावा किया जा रहा है। हालांकि आंचलिक क्षेत्रों से जिस तरह की तस्वीरें निकल कर सामने आ रहीं है वह सरकारी दावों पर कई सवाल खड़े करती हैं। अजयगढ़ विकासखंड मुख्यालय में स्थित प्राथमिक विपणन सहकारी समिति मर्यादित अजयगढ़ के बाहर अंचल के किसानों की लम्बी कतार लग रही है। यूरिया खरीदने के लिए सुबह-सुबह कड़ाके की सर्दी में ही किसान अजयगढ़ पहुँच जाते हैं। विपणन समिति के बाहर कई घंटे लाइन में लगने और नकद राशि देने के बाद भी किसानों को मांग के अनुसार यूरिया नहीं मिल पा रही है। ऐसे ही




कृषक बाबूलाल गुप्ता निवासी सिमराकला ने बताया कि उनकी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति में बड़े दाने की यूरिया उपलब्ध है जोकि खेत में डालने पर घुलने में काफी समय लेती है। इसलिए वह अजयगढ़ स्थित विपणन समिति से नकद में छोटे दाने की जल्दी घुलने वाली यूरिया लेने गए थे, लेकिन अब वहां भी छोटे दाने की यूरिया (रासायनिक उर्वरक) समाप्त हो चुकी है। कृषक बाबूलाल ने बताया कि लगातार दो तीन दिन तक भटकने के बाद भी उसे छोटे दाने का यूरिया नहीं मिला। मजबूरी में उन्हें बड़े दाने वाली यूरिया लेनी पड़ी। अजयगढ़ क्षेत्र के ग्राम थरकेपुरवा निवासी 4 एकड़ कृषि भूमि के कृषक शिवनाथ यादव, ग्राम माधौगंज निवासी 6 एकड़ भूमि के किसान अनिल गुप्ता ने यूरिया की किल्लत पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होने बताया कि, पिछले दिनों प्रकृति की मेहरबानी के चलते अच्छी बारिश होने से फसल सिंचाई पर होने वाला खर्च और श्रम बच गया। अमृत वर्षा से फसल उत्पादन में भी पर्याप्त वृद्धि होने की पूरी उम्मीद थी लेकिन समय पर मांग अनुसार अपेक्षित यूरिया न मिलने से उत्पादन में वृद्धि की उम्मीदें अब धूमिल पड़ती दिख रहीं है। नकद राशि देने के बाद भी छोटे दाने वाली यूरिया मांग के मुताबिक़ न मिल पाने से किसान परेशान है। वहीं दूसरी ओर उपसंचालक किसान कल्याण विभाग ऐ पी सुमन ने बताया कि 3 दिसम्बर की स्थिति में जिले में कुल 8 स्थानों पर 1586 मैट्रिक टन यूरिया उपलब्ध थी। उनका दावा है जिले में अभी भी पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध है और इसकी सतत आपूर्ति भी जारी है। श्री सुमन ने कहा कि यूरिया की जमाखोरी को रोकने के लिए किसानों को उनके आराजी रकबा अनुसार पर्याप्त मात्रा में यूरिया वितरित की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि एक हैक्टेयर भूमि में सिर्फ 25 किलोग्राम यूरिया डालना चाहिए। फसलों पर संतुलित मात्रा में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग किया जाना जरुरी है, क्योंकि यूरिया की मात्रा अधिक होने पर फसल खराब होने का खतरा बढ़ जाता है। इस स्थिति में फसल लूज होकर जमीन पर गिर जाती है। उप संचालक श्री सुमन ने बताया कि हाल ही में जो बारिश हुई है उसमें यूरिया समेत अन्य पोषक तत्व मौजूद हैं इसलिए भी निर्धारित मात्रा में रसायनिक उर्वरकों का उपयोग किया जाना चाहिए। फसल में अधिक मात्रा यूरिया या फिर अन्य उर्वरक डालने से फसल उत्पादन उस अनुपात नहीं बढ़ता है, उत्पादन में अधिकतम जितनी भी वृद्धि संभव हो सकती है वह निर्धारित मात्रा में उर्वरक के उपयोग से प्राप्त की जा सकती है। इसलिए किसानों को उनके आराजी रकबा के अनुपात 2, 3 या 4 बोरी यूरिया दिया जा रहा है। इससे जमाखोरी रोकने में भी मदद मिलती है। उप संचालक सुमन ने यह भी बताया कि पन्ना जिले में जैविक खेती में एक भी कृषक का पंजीयन नहीं है।

## समाधान ऑनलाइन के चयनित विषयों के लंबित प्रकरणों का तत्परतापूर्वक करें निराकरणः कलेक्टर



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई टीएल बैठक में जनवरी माह के समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में चयनित विभागवार विषयों तथा 100 दिवस से अधिक समयावधि के लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को तत्परतापूर्वक कार्यवाही कर निराकरण के निर्देश दिए हैं। आगामी समाधान ऑनलाइन के विषयों की समीक्षा के दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के सत्यापन व आधार लिंकिंग कार्य समय पर पूर्ण करने, जननी सुरक्षा योजना की राशि भुगतान, नवीन राशन कार्ड जारी करने संबंधी प्रकरण, नल जल योजना के प्रकरणों के निराकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मनरेगा में कार्य के मजदूरी भुगतान तथा गृह विभाग अंतर्गत आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी इत्यादि के अधिकतम प्रकरणों का इस सप्ताह अनिवार्य रूप से संतुष्टिपूर्ण तरीके से निराकरण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जिले मे संचालित अन्य योजनाओं को लेकर भी सभी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये हैं। चाइनीज एवं सिंथेटिक मांझा जप्ती की कार्रवाई के निर्देश कलेक्टर ने कहा कि आगामी मकर संक्रांति पर्व के दृष्टिगत जिले में चाइनीज एवं सिंथेटिक मांझा के उपयोग पर अभियान चलाकर प्रतिबंध की कार्यवाही सुनिश्चित करें। साथ ही निरंतर मॉनीटरिंग कर जानलेवा मांझों की जप्ती कार्यवाही भी की जाए।

## धौलपुर जिले की निहालगंज थाना पुलिस ने व्यापारी से की गई डकैती के मामले में पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया



**धौलपुर।** शहर में अन्य जगह की गई लूट की वारदातों का भी खुलासा हुआ है। थाना प्रभारी बृजेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 दिसंबर 2024 को गनेशी लाल पुत्र शंकर लाल जाती बैश्य निवासी गिरराज कॉलोनी राजाखेड़ा बाईपास अपनी दुकान को बंद करके अपने सामान तथा 30,35हजार रुपये लेकर घर जा रहा था। तभी दो मोटरसाइकिलो पर सवार 6 बदमाशों ने आकर व्यापारी पर हमला कर सामान और पैसों को लूट कर फरार हो गए ।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास के करीब 100 सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों को चेक किया। इनकी मदद से बदमाशों को चिन्हित कर लिया गया ।जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आज बदमाश जतिन उर्फ कालू ,सादिक खान पुत्र गफूर खान, हर्ष उर्फ भोले पुत्र मदन मोहन जाति ब्राह्मण ,नासिर खान उर्फ अलीम पुत्र बाबुद्दीन जाति मुसलमान, जमीर खान उर्फ भैया पुत्र जमील खान को आरएसी लाइन के पास से गिरफ्तार किया गया है जिनके कब्जे से दो अवैध कट्टा 315 बोर और घटना में प्रयोग की गई दो मोटरसाइकिलों को जप्त किया गया है।

## भगवान श्री कृष्ण-रुकमणि विवाह में उमड़े श्रद्धालु

**खुरई।** महामंगला महाकाली प्रांगण में चल रही सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के षष्ठम दिवस पूज्य देवी रत्नेश्वरी जी ने भगवान श्री कृष्ण की रासलीला का दर्शन कराते हुए कहां की कन्हैया ने ब्रज की समस्त गोपियों की मनोकामना को पूर्ण करने के लिए शरद पूर्णिमा की रात्रि को महारास रचाया, वह महारास इतना अदभुत था कि भोले बाबा भी गोपी रूप बना कर कन्हैया की रासलीला में शामिल हो गए द्य कन्हैया की रासलीला को कोई समझ नहीं सकता, जितनी गोपी उतने श्याम, हर गोपी को यही लग रहा था कि कन्हैया केवल उनके साथ ही है द्य देवी जी ने कथा में बताया कि ये सभी गोपियां पूर्व जन्म के वो भक्त व साधु संत हैं जिनके मन में भगवान के साथ रास रचाने का भाव आया द्य भगवान अपने भक्तों की हर मनोकामना को पूर्ण करते हैं, अतः भगवान श्री कृष्ण के साथ ब्रज में उन सभी भक्तों ने गोपी रूप में अवतार लिया और भगवान श्री कृष्ण ने उसी मनोकामना को पूर्ण करने के लिए महारास रचाया। देवी जी ने आगे उद्धव प्रसंग श्रवण करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्णा गोपियों को वापिस आने का आश्वासन देकर राजा कंस का संघार करने के लिए मथुरा चले गए



और 16 वर्ष तक मथुरा में ही निवास किया, वहां ब्रज में गोपियां कृष्ण विरह में व्याकुल थी, उद्धव गुरु बृहस्पति के शिष्य थे जो परम ज्ञानी एवं भगवान श्री कृष्ण के मित्र थे, जिन्हें अपने ज्ञान का बहुत अभिमान था द्य भगवान श्री कृष्ण ने उन्हें ब्रज की गोपियों को ब्रह्म ज्ञान देने के लिए भेजा, लेकिन उद्धव जी गोपियों का कन्हैया के प्रति वह अनंत, अटूट, जिसकी कोई उपमा नहीं ऐसा प्रेम देखकर अपना संपूर्ण ज्ञान भूल गए थे। कथा में देवी जी ने श्री कृष्ण के विवाह का प्रसंग सुनाया उन्होंने कहा कि रुकमणी ने मन ही मन श्री कृष्ण को अपना पति बनाने का निश्चय कर लिया था लेकिन रुक्मी श्री कृष्ण से द्वेष रखता था इसलिए उसने रुकमणी का विवाह शिशुपाल से करने का निश्चय किया द्य रुकमणी ने भगवान श्री कृष्ण को संदेश भेजा और प्रार्थना की द्य उधर रुकमणी का शिशुपाल के साथ विवाह होने की तैयारी हो रही थी परंतु भगवान श्री कृष्ण ने रुकमणी की प्रार्थना स्वीकार की और विदर्भ देश जा पहुंचे जहां श्री कृष्ण का विवाह रुकमणी के साथ संपन्न हुआ। कथा में श्री कृष्ण और रुकमणी का विवाह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया, इस दौरान सुंदर-सुंदर झांकियां भी सजाई गई, भगवान श्री कृष्णा- रुकमणी के रूप में विराजमान झांकी के मुख यजमान परिवार और भक्तों ने पैर पाखरे, इस दौरान देवी जी द्वारा प्रस्तुत भजनों पर भक्तों ने खूब आनंद उठाया और नित्य किए।

## मुख्यमंत्री ने पशुपालन विभाग की समीक्षा ली बैठक

# पंजीकृत गौ-शालाओं के गौवंश को मिलेगा 40 रुपए प्रतिदिन अनुदान : मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार गौ-संरक्षण एवं गौ-संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारा प्रयास है गौ-वंश की उचित देखभाल हो, उन्हें समुचित आहार एवं पोषण मिले और इसके साथ पशुपालकों की आय भी बढ़े।

इसके लिए सरकार कई योजनाएं ला रही है। प्रदेश में पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। पंजीकृत गौशाला में रहने वाले पशुओं को पहले 20 रुपए प्रति दिन प्रति पशु आहार अनुदान दिया जाता था, जिसे अब बढ़ाकर 40 रुपए किया जा रहा है। दुग्ध उत्पादकों को बोनस दिए जाने की भी सरकार की योजना है।। उन्होंने कहा कि गौ-वंश पालन से सीएनजी



बॉयोगैस संयंत्र की स्थापना को भी प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज मंत्रालय में पशुपालन एवं डेयरी विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री लखन पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी उमाकांत उमराव उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में निर्देश दिए कि प्रदेश में संचालित सभी गौ-शालाओं का निरीक्षण करवाया जाए। अनुदान की राशि का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। गौ-शालाओं के संचालन में समाज का भी पूरा सहयोग लिया जाना चाहिए। गौ-शाला में गौ-वंश के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिएं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पंचायतवार अभियान चलाकर गोचर भूमि खाली कराई जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि घरों में गौ-वंश पालने के लिए भी शीघ्र योजना बनाई जाए। गाय का दूध अत्यंत पोषक होता है तथा बच्चों के कुपोषण को दूर करने में इसका महत्वपूर्ण योगदान है। गाय के दूध के उत्पादन एवं विपणन पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

# केन्द्रीय अपर सचिव पाटिल ने किया स्कूलों का निरीक्षण किया

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग भारत सरकार के केन्द्रीय अपर सचिव आनंद राव वी पाटिल ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्यान्ह भोजन) कार्यक्रम की प्रदेश में संचालन की समीक्षा की। बैठक में ऑटोमेटेड मॉनिटरिंग सिस्टम में प्रदेश की प्रगति, पोर्टल के माध्यम से योजना के संचालन एवं नवाचार का प्रयोग करते हुए ऐप के माध्यम से किये जा रहे निरीक्षण की सराहना की। पटेल ने प्रदेश में मध्यान्ह भोजन वितरण में किसी भी प्रकार का व्यवधान न आये इसे सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। शालाओं के छात्रों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण उन्हें समय पर बी-वॉर्म टेबलेट व ऑयरन टेबलेट खिलाये जाने को सुनिश्चित करने, खाद्यान्न के क्वॉलिटी टेस्टिंग व निरीक्षण की संख्या बढ़ाये जाने पर विशेष बल दिया।

# वरिष्ठ रंगकर्मी आलोक चटर्जी का भोपाल में निधन

**भोपाल।** जाने-माने थिएटर अभिनेता आलोक चटर्जी का 64 साल की उम्र में निधन हो गया। सोमवार रात 12 बजे भोपाल में उन्होंने अंतिम सांस ली। वह मध्यप्रदेश स्कूल ऑफ ड्रामा के पूर्व निदेशक भी थे। अभिनेता ओम पुरी के बाद एनएसडी (नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा) के दूसरे गोल्ड मेडलिस्ट रहे। हिंदी सिनेमा के दिग्गज कलाकार रहे इरफान खान से भी आलोक चटर्जी की गहरी दोस्ती थी। दोनों ने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में साल 1984 से लेकर 1987 तक एक साथ पढ़ाई की। दोनों ने तीन साल तक नाटकों में लीड रोल भी निभाए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें संगीत नाटक अकादमी अवॉर्ड से सम्मानित किया था। चार दिन बाद (11 जनवरी) उनका जन्मदिन आने वाला था। रंगकर्मी बालेंद्र बालू ने बताया कि सोमवार रात करीब 11-12 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। वह कई बीमारियों से जूझ रहे थे। किडनी पैंक्रियाज में भी समस्याएं थीं। उन्हें बंसल हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती किया गया था। उनके शरीर में इन्फेक्शन फैल गया था।

# साहित्य नगरी बनेगा भोपाल मिलेगी विश्व में पहचान



**भोपाल।** यूनेस्को के क्रिएटिव सिटी नेटवर्क में भोपाल को साहित्य के क्षेत्र में नामित करने के प्रयास शुरू हुए हैं। इससे भोपाल की साहित्यिक विरासत दुनिया के सामने आएगी। इसके लिए मंगलवार को संगोष्ठी भी हुई.पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि समृद्ध संस्कृति, ऐतिहासिक विरासत और नैसर्गिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध भोपाल को यूनेस्को में विश्व साहित्य नगरी के रूप में पहचान दिलाई जाएगी। मंत्री की मौजूदगी में महापौर मालती राय ने यूनेस्को को भेजे जाने वाली एप्लिकेशन और डिक्लरेशन पर हस्ताक्षर किए। महापौर राय ने कहा कि यूनेस्को द्वारा भोपाल को साहित्य नगरी घोषित किए जाने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस उपलब्धि से भोपाल शहर का गौरव बढ़ेगा। आने वाले समय में भोपाल विश्व का साहित्यिक और सांस्कृतिक केंद्र बनेगा। प्रमुख सचिव संस्कृति, पर्यटन और प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने कहा, यूनेस्को ने साहित्य के क्षेत्र में 39 देशों के 53 शहरों को क्रिएटिव सिटी नेटवर्क में शामिल किया है। पिछले वर्ष केरल के कोझिकोड शहर को यूनेस्को ने साहित्य के क्षेत्र में शामिल किया था। भोपाल को देश का दूसरा शहर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। ग्वालियर को यूनेस्को द्वारा म्यूजिक सिटी का दर्जा दिए जाने के बाद से ग्वालियर में युवाओं में संगीत के प्रति रुझान बढ़ा है। इसी तरह भोपाल को साहित्य नगरी का दर्जा मिलने के साथ ही युवा भी साहित्य सृजन और पठन के प्रति आकर्षित होंगे। इसके डोजियर को मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने तैयार किया है।

# बांधवगढ़ बनेगा स्वच्छ पर्यटन स्थलः राज्य मंत्री लोधी



**भोपाल।** बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान को स्वच्छ पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने और आस-पास के क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड, स्वच्छ भारत मिशन और साहस संस्था के बीच एमओयू हस्ताक्षर किया गया। पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी की उपस्थिति में एमपी टूरिज्म बोर्ड की ओर से प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक एमपी टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला, स्वच्छ भारत मिशन की ओर से मिशन संचालक दिनेश जैन, कोका कोला फाउंडेशन की ओर से डायरेक्टर राजीव गुप्ता और साहस संस्था की ओर से प्रोजेक्ट डायरेक्टर राजबीर सिंह द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। राज्य मंत्री लोधी ने कहा कि प्रोजेक्ट क्लीन डेस्टिनेशन से बांधवगढ़ एक स्वच्छ पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा। पर्यटकों को वन्य जीव के रोमांचक अनुभव के साथ एक स्वच्छ और सुंदर माहौल मिलेगा। राज्य मंत्री लोधी ने एमओयू की बधाई और परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए शुभकामनाएं दी।

# स्मृति मंधाना इस सीरीज में बनेंगी वनडे कप्तान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की बेहतरीन ओपनर स्मृति मंधाना 10 जनवरी से राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए कप्तान की भूमिका में हैं। हरमनप्रीत कौर और रेणुका सिंह ठाकुर को आराम दिए जाने के बाद, मंधाना तेजल हसबनीस, प्रिया मिश्रा और राघवी बिष्ट जैसे उभरते सितारों वाली प्रतिभाशाली टीम का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। वेस्ट इंडीज के खिलाफ 3-0 की जीत के बाद भारत आत्मविश्वास के साथ सीरीज में उतरेगा, जिसका लक्ष्य अपनी जीत की लय को बरकरार रखना है!

### तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारत की टीम

स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा (उपकप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, राघवी बिस्ट , मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवेर, तितास साधु, साइमा ठाकोर, सयाली सतघरे

### साल 2025 में स्मृति से उम्मीदें

**स्थिरता:** स्मृति मंधाना की सभी प्रारूपों (वनडे, टी20आई, टेस्ट) में निरंतरता बनाए रखने की क्षमता महत्वपूर्ण होगी। अगर वह ऐसा करती है, तो वह साल 2024 में अपने करियर की कई बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकती है।

**नेतृत्व की भूमिका:** अगर वह 2024 में नेतृत्व की भूमिका निभाती है, तो इससे उनकी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं और उसकी बल्लेबाजी के तरीके पर असर पड़ सकता है।



### हरमनप्रीत को रैस्ट, हुई घोषणा

**आयरलैंड महिला टीम का भारत दौरा**

10 जनवरी-पहला वनडे, निरंजन शाह स्टेडियम, राजकोट

12 जनवरी-दूसरा वनडे, निरंजन शाह स्टेडियम, राजकोट

15 जनवरी-तीसरा वनडे, निरंजन शाह स्टेडियम, राजकोट

### बैडमिंटन

## मलयेशिया ओपन में त्रीसा और गायत्री की जोड़ी को मिली कामयाबी, प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची



**कुआलालंपुर, एजेंसी।** भारत की त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने मंगलवार को यहां थाईलैंड की ओर्निचा जोंगसाथापोर्नपार्न और सुकिता सुवाचाई को सीधे गेम में हराकर मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। छठी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने केवल 30 मिनट में 21-10, 21-10 से जीत हासिल कर अंतिम 16 में जगह पक्की की। लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 टूर्नामेंट में अपनी सफलता से उत्साहित त्रीसा और गायत्री को गैरवरीय थाई जोड़ी से खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा। भारतीय जोड़ी ने पहले गेम में कुछ समय में ही 17-8 की बढ़त बना ली और फिर यह गेम अपने नाम करने में देर नहीं लगाई। त्रीसा और गायत्री को दूसरे गेम के शुरू में थोड़ा चुनौती का सामना करना पड़ा। शुरू में एक समय स्कोर 8-8 से बराबरी पर था लेकिन इसके बाद भारतीय जोड़ी में शानदार प्रदर्शन करके यह गेम और मैच अपने नाम किया।

# किरण जाधव ने लक्ष्य कप में एयर राइफल का स्वर्ण पदक जीता



**मुंबई, एजेंसी।** नौसेना के किरण जाधव ने कई जाने-माने निशानेबाजों को पछाड़ते हुए 15वें लक्ष्य कप आमंत्रण टूर्नामेंट में 10 मीटर एयर राइफल का स्वर्ण पदक जीता। वर्ष 2018 से हर बार फाइनल में जगह बनाने वाले 29 साल के जाधव ने 251.7 अंक के साथ पहली बार खिताब जीता। जाधव ने महाराष्ट्र के गजानन खानदागले (250.9) और महाराष्ट्र के ही मोहित गौड़ा (229.3) को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। पेरिस ओलंपिक के फाइनल में जगह बनाने वाले रेलवे के अर्जुन बबूता खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे लेकिन वह 208.2 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। पुरुष और महिला राष्ट्रीय एयर राइफल चैंपियन क्रमश- साहु माने और अनन्या नायडू फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे।

# हम जानते हैं लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया को कैसे हराना है : कैगिसो रबाडा



**केपटाउन, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने भरोसा जताया है कि उनकी टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ा उलटफेर कर सकती है। उन्होंने कहा कि प्रोटियाज को पता है कि लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया को कैसे हराना है।

दरअसल, दक्षिण अफ्रीका ने सोमवार को केपटाउन में पाकिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में 10 विकेट से जीत दर्ज की थी। इस जीत के साथ ही दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से पाकिस्तान को हरा दिया है, जिससे उनकी पहली बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में एंट्री हुई है। रबाडा ने पाकिस्तान के खिलाफ छह विकेट लिए थे। तेज गेंदबाज रबाडा ने सुपरस्पोर्ट पर कहा, यह वास्तव में काफी दूर है, लेकिन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जैसे बड़े अवसर के लिए आपको तैयार रहना होता है। दक्षिण अफ्रीका बनाम ऑस्ट्रेलिया हमेशा से एक अच्छी प्रतिद्वंद्विता रही है, क्योंकि हम क्रिकेट काफी हद तक एक जैसा खेलते हैं। हम कड़ी मेहनत से खेलते हैं और वह हमें कड़ी टक्कर देते हैं, यह हम जानते हैं। उन्होंने आगे कहा, हम उन्हें हराना भी जानते हैं। (टेस्ट क्रिकेट) हमारा सर्वश्रेष्ठ प्रारूप है, जो हम अभी खेल रहे हैं। जब आप दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट और हमारे सभी दिग्गजों को देखते हैं तो वह सभी महान टेस्ट क्रिकेटर रहे हैं। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेटर हैं और पाकिस्तान के खिलाफ यह श्रृंखला शानदार रही है। पाकिस्तान को हराने के बाद दक्षिण अफ्रीका पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंच गया है। उसके 69.44 प्रतिशत अंक हो गए हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया 63.73 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर है। वहीं, डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए कोई टेस्ट मैच निर्धारित नहीं होने के कारण प्रोटियाज कोच शुकरी कॉनराड अपनी आगामी मैच की संभावनाओं के बारे में बताया।

कॉनराड ने कहा, हम संभवत ब्रिटेन में आयरलैंड या अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट मैच आयोजित करने का प्रयास करेंगे। हालांकि, अगर असफल होते हैं तो हम निश्चित रूप से कुछ दिन पहले बाहर जाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हम वहां अच्छी तरह से कैंप करें, शायद कैंटरबरी में ऐसा हो।

# राष्ट्रपति चुनाव में ट्रम्प की जीत पर मुहर लगी, कमला ने जीत का ऐलान किया

## ट्रम्प बोले- यह इतिहास का बड़ा लम्हा



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प की राष्ट्रपति चुनाव में मिली जीत पर सोमवार को मुहर लग गई। इलेक्टोरल वोट्स की गिनती के बाद उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने ट्रम्प को विजेता घोषित किया। ट्रम्प की जीत 6 नवंबर को तय हो गई थी, लेकिन इसकी आधिकारिक घोषणा कल हुई। अमेरिकी संसद कैपिटल हिल में कांग्रेस के दोनों सदन हाउस ऑफ रेप्रेसेंटेटिव और सीनेट के जॉइंट सेशन में इलेक्टोरल कॉलेज के वोट गिने गए। यह प्रक्रिया उपराष्ट्रपति की अध्यक्षता में हुई क्योंकि वह सीनेट की अध्यक्ष हैं।

ट्रम्प ने जीत की आधिकारिक घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर लिखा- कांग्रेस (अमेरिकी संसद) ने आज हमारी चुनावी जीत को प्रमाणित किया। यह इतिहास का एक बड़ा लम्हा है। अमेरिका में 5 नवंबर को राष्ट्रपति चुनाव हुए थे। ट्रम्प को इसमें जीत हासिल हुई थी। ट्रम्प को 312 इलेक्टोरल वोट्स मिले थे जबकि उनकी विपक्षी कमला हैरिस को सिर्फ 226 इलेक्टोरल वोट्स मिले। चुनाव में जीत के लिए किसी प्रत्याशी को 270 इलेक्टोरल वोट्स चाहिए होते हैं। ट्रम्प जीत की आधिकारिक घोषणा के 13 दिन बाद यानी 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। इस महीने के अंत में होने वाले जॉइंट सेशन और ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह के लिए कैपिटल हिल के चारों तरफ बाड़ लगाई गई थी और सुरक्षा के भारी भरकम इंतजाम किए गए थे।

अमेरिका में जनता इलेक्टर्स (राज्यों के प्रतिनिधि) चुनती है। ये इलेक्टर्स पॉपुलर वोट यानी कि जनता के वोट के आधार पर चुने जाते हैं। जब जनता वोट करती है तो वह सीधे राष्ट्रपति को वोट नहीं करती है, बल्कि वह अपने राज्य के इलेक्टर्स को वोट देते हैं। कई इलेक्टर्स मिलकर ही इलेक्टोरल कॉलेज बनाते हैं। इलेक्टोरल कॉलेज ही राष्ट्रपति चुनता है। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में 538 इलेक्टर्स चुने जाते हैं। सभी राज्यों से चुने गए इलेक्टर्स की संख्या अलग-अलग होती है।

यहां रोचक बात यह है कि अमेरिकी चुनाव में विनर टेक ऑल सिस्टम काम करता है। इसका मतलब है कि अगर किसी कैंडिडेट को एक राज्य में 50त से ज्यादा पॉपुलर वोट मिल जाते हैं, तो तो उस राज्य के तमाम इलेक्टोरल वोट उसी कैंडिडेट को मिले हुए माने जाते हैं। जैसे ट्रम्प को पेन्सिलवेनिया में सबसे ज्यादा लोगों ने वोट किया तो वहां के सारे इलेक्टर्स (19) ट्रम्प को मिल गए। इलेक्ट्रोरल कॉलेज एक चुनावी संस्था है जो अमेरिका के राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति को चुनने के लिए गठित की गई है। दिसंबर के महीने में इलेक्टोरल कॉलेज की बैठक होती है। इसमें हर राज्य के चुने हुए इलेक्टर्स अपनी-अपनी काउंटी या राज्य में मिलते हैं और राष्ट्रपति के लिए औपचारिक तौर पर वोटिंग करते हैं।

इलेक्टोरल वोटों को राज्य के चुनाव अधिकारी प्रमाणित करते हैं और फिर इन वोटों को कांग्रेस को भेजा जाता है। अगली 6 जनवरी को कैपिटल हिल यानी अमेरिकी संसद में दोनों सदन (सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) इकट्ठा होते हैं। अमेरिकी सीनेट के अध्यक्ष उपराष्ट्रपति होते हैं। अभी यह पद कमला हैरिस के पास है, इसलिए वही इक्टोरल कॉलेज के वोटों की गिनती शुरू करेंगी।

# बेटे की गर्लफ्रेंड से बाप ने रचाई शादी, पूर्व प्रेमिका बनीं लड़के की सौतेली मां



**बीजिंग, एजेंसी।** भारत में पारिवारिक रिश्तों को एक विशेष महत्व दिया जाता है, जहां माता-पिता और बच्चों का रिश्ता एक मजबूत और स्थायी बंधन होता है। लेकिन चीन से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जिसने सभी को हैरान कर दिया। यहां एक बाप ने अपनी बहु से शादी कर ली, जो पहले उसके बेटे की प्रेमिका थी।

यह अजीब मामला चीन के बैंक ऑफ चाइना के पूर्व चेयरमैन लियू लियांगहे से जुड़ा है। लियांगहे को अपने पद का दुरुपयोग करने, 141 करोड़ की रिश्वत लेने और 3,887 करोड़ के अवैध लोन बांटने के आरोप में मौत की सजा सुनाई गई है। हालांकि, उनकी सजा फिलहाल दो साल के लिए निलंबित कर दी गई है। वह अब एक और विवाद को लेकर सुर्खियों में हैं। चीनी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लियांगहे ने 2023 में चौथी शादी की थी। इस शादी ने खूब चर्चा बटोरी है। लियांगहे का बेटा एक लड़की से बहुत प्यार करता था और उससे शादी करना चाहता था। लड़की से मिलवाने के लिए वह अपनी मां के पास गया, लेकिन बाप ने अपनी ही बहु से शादी करने का फैसला लिया। लियांगहे ने बेटे को उकसाया और कहा कि लड़की गरीब पृष्ठभूमि से है।

# जेक सुलिवन और अजीत डोभाल की मुलाकात पर व्हाइट हाउस का बयान, कहा- दोनों देशों को मिलकर काम करने की जरूरत

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की। इस मुलाकात को लेकर व्हाइट हाउस ने कहा कि दोनों देशों को पहले से ज्यादा विश्वसनीय और लचीला आधार बनाने के लिए अपने साझेदारों के साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। दोनों देशों ने तकनीकी और रक्षा आपूर्ति श्रृंखला को एकीकृत करने के लिए कदम उठाए हैं।

व्हाइट हाउस ने कहा कि बैठक के दौरान सुलिवन और डोभाल ने तकनीक के संयुक्त उत्पादन और विकास के प्रयास के महत्व को लेकर चर्चा की। यह हमें दुनिया के लिए सुरक्षित, विश्वसनीय और लागत-प्रतिस्पर्धी तकनीकी समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाएगा। संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत अंतरिक्ष से लेकर सेमी कंडक्टर, जैव प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा, उन्नत दूरसंचार और स्वच्छ ऊर्जा को लेकर साझेदारी के साथ काम कर रहे हैं। इसके परिणाम भी सामने आए हैं। व्हाइट हाउस के मुताबिक हमारी साझेदारी ने हिंद-प्रशांत और यूरोप के समान विचारधारा वाले देशों के साथ बहुपक्षीय कार्य को भी बढ़ावा दिया है। इसमें बायो-5 बायोफार्मास्युटिकल सप्लाई चेन कंसोर्टियम, यूएस-इंडिया-आरओके टेक्नोलॉजी त्रिपक्षीय और क्वाड के माध्यम से ऑस्ट्रेलिया और जापान के साथ चल रहे सहयोग शामिल हैं। बैठक में सुलिवन और डोभाल ने तकनीकी संरक्षण को मजबूत करने के अपने साझा संकल्प को लेकर प्रतिबद्धता जताई। साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को दूर करने के प्रयासों पर चर्चा की। व्हाइट हाउस ने कहा कि दोनों देशों के सुरक्षा सलाहकारों ने द्विपक्षीय रणनीतिक व्यापार, प्रौद्योगिकी और औद्योगिक सहयोग में दीर्घकालिक बाधाओं को दूर करने की प्रगति की सराहना की। दोनों ने विश्वास व्यक्त किया कि सरकारों, उद्योग और शिक्षा जगत के बीच उन्होंने जो सेतु बनाए हैं, वे कायम रहेंगे और तकनीकी उद्यम के हर आयाम में उनकी महत्वपूर्ण उपलब्धियों को प्रतिबिंबित करेंगे। दोनों एनएसए नियमित रूप से व्यापक द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक एजेंडे पर गहन चर्चा के माध्यम से उच्च स्तरीय वार्ता में शामिल रहे हैं। डोभाल-सुलिवन बैठक के बाद, अमेरिकी एनएसए सुलिवन ने भारत को मिसाइल प्रौद्योगिकी नियंत्रण व्यवस्था (एमटीसीआर) के तहत अमेरिकी मिसाइल निर्यात नियंत्रण नीतियों में बाइडन प्रशासन द्वारा लाए गए।

# मस्क के आरोपों पर ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोले-लोग झूठ फैला रहे: पाकिस्तानी ग्रूमिंग रेप मामले पर सफाई दी

## मस्क बोले- स्टार्मर को जेल भेजो



**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने इलॉन मस्क के सरकार पर किए गए हमलों का जवाब दिया है। स्टार्मर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मस्क का नाम लिए बिना कहा कि जो लोग झूठ और गलत सूचनाओं को फैला रहे हैं, उन्हें पीड़ितों में कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्हें सिर्फ खुद में दिलचस्पी है। प्रधानमंत्री स्टार्मर ने कहा कि वे 2008 से 2013 के बीच प्रॉसिक्यूशन सर्विस के डायरेक्टर थे तभी ग्रूमिंग गैंग के खिलाफ पहला मामला दर्ज किया गया था। स्टार्मर ने कहा कि उन्होंने जिस भी मामले को हाथ में लिया, वह अदालत तक पहुंचा और उसमें पर्याप्त कार्रवाई हुई। हाल ही में इलॉन मस्क ने लेबर पार्टी की सरकार पर चाइल्ड ग्रूमिंग गैंग्स मामले में ब्रिटिश पीएम के साथ-साथ लेबर सरकार को घेरा था। उन्होंने कहा कि स्टार्मर जांच कर रही समिति के अध्यक्ष थे लेकिन फिर भी उन्होंने आरोपियों के खिलाफ केस चलाने की मंजूरी नहीं थी। मस्क ने कहा कि अब पीएम के रूप में भी स्टार्मर पर्दा डाल रहे हैं। उन्होंने ब्रिटेन के राजा किंग चार्ल्स से भी स्टार्मर को बर्खास्त करने की अपील की। इस बीच सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मस्क ने स्टार्मर को जेल भेजने की भी मांग की। खुद ही पीड़िताएं सामने आईं, पाकिस्तानी ग्रूमिंग गैंग का खुलासा किया साल 2022 में कुछ पीड़िताएं खुद सामने आईं और अपने साथ हुए अत्याचारों के बारे में दुनिया को बताया। इसमें बताया गया कि पाकिस्तानी मूल के लोगों के एक गिरोह ने नाबालिग लड़कियों को ड्रग्स, पैसे अथवा ब्रेन वॉश करके फंसाया और उनका दुष्कर्म किया।

इसके बाद देश प्रो. एलेक्स जे की कमेटी का गठन किया गया। कमेटी ने पाया कि 1997 से 2013 के बीच 1400 से ज्यादा लड़कियों का यौन शोषण किया गया। आरोपियों में सबसे ज्यादा पाकिस्तानी मूल के लोग थे। ज्यादातर लड़कियों को एक संगठित गैंग ने बहला-फुसलाकर शिकार बनाया और उनकी तस्करी कर दी गई थी। सबसे पहला मामला रॉदरहैम शहर का था। इसके बाद जांच करने पर उत्तरी इंग्लैंड के कई शहरों में इसी तरह के और भी मामले सामने आए। कमेटी की रिपोर्ट में दोषी पाकिस्तानी लोगों पर कार्रवाई की सिफारिश की गई।

अपराध की इन घटनाओं को रॉदरहैम स्कैंडल नाम दिया गया। बाद में इसे पाकिस्तानी ग्रूमिंग रेप गैंग भी कहा गया। यानी पाकिस्तानी युवा इन्हें साजिश के तहत फंसाते हैं। कुछ मामलों में लड़कियों की ट्रैफिकिंग भी यूरोपीय देशों को होती थी। लेबर पार्टी ने खुद जांच कराने से इनकार किया यह मामला अक्टूबर में उस वक्त सुर्खियों में आया था जब लेबर सरकार में मंत्री जेस फिलिप्स ने इंग्लैंड के ओल्डम काउंसिल के उस आग्रह को ठुकरा दिया था जिसमें सरकार से बच्चों के कथित तौर पर ऐतिहासिक रूप से हो रहे यौन शोषण की जांच कराने की मांग की गई थी।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं



**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में 'जनसुनवाई' कार्यक्रम के तहत नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, संजीव नागू और सुरजनी वर्मा तथा एसडीएम कुमार शानू देवड़िया और जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे। जनसुनवाई में वार्ड नम्बर 17 के रहवासियों ने कलेक्टर सिंह को आवेदन देकर पीने के पानी की समस्या बताई तथा पाईप लाईन व नल कनेक्शन दिलवाने की मांग की, जिस पर कलेक्टर सिंह ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को नागरिकों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में विक्रमपुर खुर्द निवासी विष्णुप्रसाद पाराशर ने कलेक्टर सिंह को रिकार्ड दुरूस्त कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर उन्होने एसडीएम खिरकिया को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में हीरापुर निवासी गुलाब सिंह ने कलेक्टर सिंह को आवेदन देकर मकान के ऊपर से 11 के.वी. लाइन से जान का खतरा होने तथा लाइन के कारण आवास नहीं बन पाने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होने विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में टंकी मोहल्ला निवासी मानसिंह ने राशन नहीं मिलने के संबंध में कलेक्टर सिंह से शिकायत की, जिस पर उन्होने जिला आपूर्ति अधिकारी को आवेदक की पात्रता अनुसार राशन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में नया नगर अबगांवखुर्द निवासी ग्रामीणों ने कलेक्टर सिंह को बताया कि ग्राम पंचायत अबगांवखुर्द की मुख्य सड़क पर नया नगर क्षेत्र में नाला निर्माण नहीं किया गया है।

## संभागीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिये 21 जनवरी तक करें आवेदन

**हरदा।** मध्य प्रदेश शासन अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के प्रतिभाशाली अनुसूचित जाति के कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थियों की बेहतर पढ़ाई के लिये संभागीय मुख्यालयों पर सर्व सुविधायुक्त आवासीय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। इन विद्यालयों में नि:शुल्क अध्ययन, राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे- जेईई, नीट की तैयारी, आवास, भोजन, गणवेश, खेल, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियाँ की सुविधाऐं उपलब्ध हैं। संभागीय उपायुक्त अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य जे.पी. यादव ने बताया कि ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय नर्मदापुरम में सत्र 2025-26 के लिए अनुसूचित जाति के 36 बालक तथा 36 बालिकाओं अन्य वर्गों के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के 4 बालक तथा 4 बालिकाओं के प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। नर्मदापुरम संभाग का ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय बी.टी.आई. रोड़ पर सर्व सुविधायुक्त विद्यालय भवन में संचालित है। इस विद्यालय की कक्षा 6 के लिए सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। प्रवेश के लिये 18 फरवरी 2025 को प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी। प्रवेश परीक्षा के लिये चालू शिक्षा सत्र 2024-25 की कक्षा 5 में अध्ययनरत विद्यार्थी अपना आवेदन एमपीटास पोर्टल पर 21 जनवरी तक कर सकेंगे। उपायुक्त यादव ने बताया कि आवेदन में कोई संशोधन किया जाना आवश्यंक हो तो उसे 27 जनवरी 2025 तक किया जा सकेगा।

## पशु संगणना जारी, प्रगणक घर-घर जाकर ले रहे हैं पशुओं संबंधी जानकारी




**हरदा।** पूरे देश में इन दिनों 21 वी पशुधन गणना करवाई जा रही है। इसी क्रम में हरदा जिले में भी पशुगणना का कार्य संचालित है। उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. एस.के. त्रिपाठी ने बताया कि पशुगणना पूरे देश में प्रत्येक पांच वर्षों में की जाती है। पशुधन गणना डिजिटल माध्यम से की जा रही है। पशु संगणना का कार्य ऐप के माध्यम से प्रत्येक ग्राम व शहरी क्षेत्र में जाकर हर घर, हर कार्यालय, हर संस्था में किया जा रहा है, ताकि पशुओं के आंकड़े को इकट्ठा कर सके। पशुपालन विभाग के द्वारा कर्मचारी और अधिकारियों को पशुगणना कार्य की ट्रेनिंग दी गयी है। उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि पशु संगणना कार्य में 41 प्रगणक एवं 7 सुपरवाइजरो की ड्यूटी लगायी गयी है। यह सभी प्रगणक घर घर जाकर सभी पालतु पशुओ की जानकारी लेकर भारत सरकार के पशु गणना पोर्टल पर दर्ज कर रहे हैं। गणना कार्य ग्रामीण क्षेत्र के 499 आबाद ग्रामों एवं चार शहरी क्षेत्रों के 80 वार्डो में संचालित है। उपसंचालक पशुपालन डॉ. त्रिपाठी ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिको से अपील की है कि पशुगणना दल जब भी आपके घर जानकारी लेने आये तो उन्हें सही सही जानकारी प्रदान करें।

## आदर्श कॉलेज में एबीबीपी के परिसर अध्यक्ष बने विजेश वर्मा

### प्रीति काकोरिया बनी परिसर मंत्री, सुमित और अंजलि को परिसर उपाध्यक्ष बनाया गया

**हरदा।** हरदा जिला मुख्यालय स्थित शासकीय आदर्श महाविद्यालय की परिसर इकाई के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सत्र 2024-25 की नए कार्यकारिणी की घोषणा की है।

विजेश वर्मा को परिसर अध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर संगठन मंत्री आशीष शर्मा और जिला इकाई की खेलो भारत संयोजिका फाल्गुनी काले भी मौजूद रहे। संगठन मंत्री आशीष शर्मा ने युवाओं को राष्ट्र पुनर्निर्माण में उनकी भूमिका बताते हुए कहा कि कैसे विद्यार्थी जीवन में राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हुए, उनके अंदर लीडरशिप का गुण उत्पन्न हो। उन्होंने छात्रों को संस्कारवान, विवेकशील और राष्ट्रभक्ति से प्रेरित होने का संदेश दिया। वहीं, जिला खेलो भारत संयोजिका फाल्गुनी काले ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की समृद्धि और सशक्तता का मापदंड वहां के युवाओं के चरित्र, समर्पण और राष्ट्रभक्ति की भावना से होता है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए



कहा कि जब प्रत्येक युवा राष्ट्र निर्माण की भावना से कार्य करता है, तभी देश प्रगति की ओर अग्रसर होता है।

कार्यकारिणी की घोषणा-

परिसर अध्यक्ष- विजेश वर्मा

परिसर मंत्री - प्रीति काकोरिया

परिसर सहमंत्री - मंजू उइके, प्रेमलता मर्सकोले, विकास गहलोद

परिसर उपाध्यक्ष - सुमित डोंगरे, अंजलि अमकरे

परिसर कलामंच - पलक

परिसर सहमंत्री - अनु राजपूत

परिसर एसएफडी प्रमुख - रामपाल इवने

परिसर एसएफडी सहप्रमुख - रामस्वरूप यादव

एसएफएस प्रमुख - सुजल राजपूत

सएफएस सह प्रमुख - राजेश बालके

परिसर खेलो भारत - समीर चीचावरे

परिसर कार्यकारिणी सदस्य - लक्की उमरिया

परिसर कार्यकारिणी सदस्य - ऋतिक केवट

इस मौके पर प्रिया धोतरे प्रीति ढोके, संतोष बघेल, स्वाति ढाका, श्रेया आदि उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक लोमेश कुमार गौर द्वारा दिशागोचार प्रकाशन, 26-बी प्रेस काम्पलेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल से मुद्रित तथा सी-5 खेतवाली माता मंदिर के पास महाराणा प्रताप कालोनी हरदा जिला हरदा म.प्र. से प्रकाशित
संपादकः- लोमेश कुमार गौर मो. 9826696230 Email-bhuanakimati@gmail.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा कोर्ट रहेगा)।